# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002
Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 04.10.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, जनसंदेश टाइम्स, तरुणमित्र न्यूज़," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण–दि0 04.10.2024

# वीडीए ने 26 वर्ष में जीता मुकदमा अब बनेंगे अधिकारियों के आवास

## डीआइजी कालोनी में जमीन को लेकर चल रहा था केस

- तीन-चार कमरे का फ्लैट बनाने के लिए आर्किटेक्ट तैयार कर रहे डिजाइन
- 20 करोड़ रुपये से अधिक है जमीन की कीमत, मंडलायुक्त ने दी हरी झंडी

जागरण संवाददाता, वाराणसी : मकबूल आलम रोड स्थित डीआइजी कालोनी में 3515 वर्गफीट जमीन पर चल रहे मुकदमे का फैसला वाराणसी विकास प्राधिकरण के पक्ष में आया है। वीडीए ने 26 वर्ष बाद अन्ततः मुकदमा जीत लिया है। फैसला पक्ष में आने पर विकास प्राधिकरण ने जमीन पर कब्जा ले लिया है। इस जमीन पर विभागीय अफसरों का आवास बनाने का निर्णय लिया गया है। इस जमीन की कीमत 20 करोड़ रुपये से अधिक है।

वीडीए 3515 वर्गफीट जमीन पर तीन और चार कमरे का फ्लैट बनाएगा। इसके लिए आर्किटेक्ट ने डिजाइन तैयार कर ली है। किस मद से आवास बनाया जाए, इसे लेकर विमर्श चल रहा है। वीडीए के अध्यक्ष व मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा ने जमीन पर आवास बनाने के लिए हरी झंडी दे दी है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि डीआइजी कालोनी स्थित प्लाट नंबर-डी-58 3515 वर्गफीट क्षेत्रफल में है। नगरपालिका ने खजुरी विकास योजना के तहत प्लाट आवंटित किया था। उक्त प्लाट 30 वर्ष के लिए पट्टे पर आवंटित किया गया था। दो बार 30-30 वर्ष के लिए नवीकरण भी किया गया। 18 दिसंबर-1964 को जमीन आवंटित किया गया था। 30 अप्रैल-1965 को भवन निर्माण के लिए आवंटी ने मानचित्र भी स्वीकृत कराया। 17 सितंबर-1988 में आवंटी ने दूसरे को प्लाट पावर आफ अटार्नी कर दिया।

24 नवंबर-1993 को प्लाट नवीकरण के लिए आवेदन किया लेकिन विकास प्राधिकरण ने कोई आदेश पारित नहीं किया। नवीकरण शर्तों को पूरा करने के लिए वीडीए ने 13 अप्रैल-1994 को आवंटी को कारण बताओ नोटिस जारी किया। 16 मई-1994 को नोटिस के जवाब पर कोई कार्रवाई न होने पर आवंटी कोर्ट चला गया। हाईकोर्ट के साथ सुप्रीम कोर्ट तक मामला पहुंचा लेकिन आवंटी को कहीं से कोई राहत नहीं मिली। वर्ष 2010 में एटार्नी होल्डर ने उक्त प्लाट अवैधानिक रूप से अपनी पत्नी को विक्रय कर दिया। इसके खिलाफ वीडीए भी कोर्ट गया था। अब जमीन पर विभागीय अधिकारियों के लिए आवास बनाया जाएगा।

## दैनिक जागरण–दि0 04.10.2024

# विकास प्राधिकरण ने भाजपा नेता को थमाया नोटिस

जेपी पांडेय • जागरण

वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण से पूर्णतया प्रमाणपत्र (सीसी) लिए बगैर मकबूल आलम रोड स्थित जुडियो शो रूम संचालित करने और सड़क पर वाहन पार्किंग कराने पर वीडीए ने पूर्व एमएलसी व भाजपा के वरिष्ठ नेता डा.शिवनाथ यादव को नोटिस जारी किया है। तीन दिन के अंदर बेसमेंट में वाहन पार्किंग न होने पर वीडीए कार्रवाई करने को बाध्य होगा। गुरुवार को विकास प्राधिकरण के जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश अपनी टीम के साथ पहुंचे। सड़क पर वाहन पार्किंग न करने की चेतावनी दी। वीडीए जुडियो कंपनी को भी नोटिस भेजेगा कि बिना पूर्णतया प्रमाणपत्र लिए शो रूम क्यों खोला गया। क्यों न आपके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए।

मकबूल आलम रोड वीआइपी मार्ग है। जुडियो शो खुलने के साथ आने वाले ग्राहकों और कर्मचारियों के वाहन बेसमेंट में खड़े नहीं हो रहे थे।




मकबूल आलम रोड स्थित जुडियो शो रूम के बाहर खड़े वाहन • जागरण

- जोनल अधिकारी ने निरीक्षण कर तीन दिन में बेसमेंट में वाहन पार्किंग कराने का दिया निर्देश
- बिना पूर्णतया प्रमाणपत्र लिए शो रूम खोलने पर जुडियो कंपनी को भेजेंगे नोटिस

बेसमेंट में जेनरेटर के अलावा कबाड़ रखे हैं। जारी नोटिस में लिखा है कि बेसमेंट के अलावा चार मंजिल मानचित्र स्वीकृत किया गया है लेकिन मानचित्र के विपरीत निर्माण किया गया है। 10 अक्टूबर तक शमन मानचित्र दाखिल करने को कहा गया था लेकिन उससे पहले जुडियो शो रूम का संचालन शुरू कर दिया गया। पूर्णतया प्रमाणपत्र के उपरांत ही भवन का उपयोग करें, अन्यथा नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 के तहत कार्रवाई की जाएगी।



जुडियो शो रूम के बेसमेंट में जेनरेटर और कबाड़ • जागरण

### इन कंपनियों को भेजा मेल

टाटा, टैट वेस्टसाइड, जुडियो, डिकैथलान, डोमिनोज, लाइफ स्टाइल, क्रोमा, रिलायंस स्मार्ट बाजार, पैंटालून्स तथा सरकारी और गैर सरकारी बैंक संचालकों को।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## दैनिक जागरण–दि0 04.10.2024

# अब चौक से 20 मीटर पहले बनेगा गोदौलिया रोपवे स्टेशन



रोपवे का हो रहा कार्य • जागरण

जागरण संवाददाता, वाराणसी : देश के पहले अर्बन रोपवे ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट में महीनों पुराने गतिरोध को दूर करने का प्रयास फलीभूत होता दिख रहा है। शहर के एक लाख नागरिकों को रोपवे सुविधा दिया जाना है। वाराणसी विकास प्राधिकरण और नेशनल हाइवे लाजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड ने गोदौलिया स्टेशन के लिए प्रस्तावित स्थान बदल दिया है।

पहले गोदौलिया चौराहा पर रोपवे स्टेशन बनाया जाना था लेकिन अब तय हुआ है कि गिरिजाघर से आगे और चौक से करीब 20 मीटर पहले स्टेशन बनाया जाएगा। पूर्व में चिह्नित स्थल पर प्रवेश और निकासी के लिए चार रास्ते स्वीकृत हुए थे लेकिन नए स्थान के चलते डिजाइन में बदलाव होगा। यहां पर सिर्फ दो रास्ता ही बनाया जाएगा। व्यापारियों के विरोध के कारण स्टेशन का निर्माण रोक दिया गया था। जिला प्रशासन तय ही नहीं कर पा रहा था कि स्टेशन कहां बनाया जाए। चूंकि रोपवे की स्वीकृत डिजाइन में फेरबदल मुमकिन नहीं है, इसलिए एलाइनमेंट के अनुसार ही प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारा जाएगा। उधर गिरिजाघर से सरकारी संपत्तियां शिफ्ट कर देने से स्टेशन के निर्माण को गति मिली है। हालांकि कैंट, रथयात्रा और कैंट स्टेशनों पर बिजली और जलकल की संपत्तियों को शिफ्ट करने में बरती जा रही लापरवाही रोपवे कारिडोर में नई मुश्किलें पैदा कर रही है।

- देश के पहले अर्बन ट्रांसपोर्ट रोपवे प्रोजेक्ट में गतिरोध में नया मोड़
- व्यापारियों के विरोध के चलते बदला स्टेशन का स्थान

### कैंट से गोदौलिया तक सफर सिर्फ 16 मिनट में पूरा होगा

कैंट से गोदौलिया तक सफर सिर्फ 16 मिनट में पूरा होगा। गिरिजाघर स्टेशन का निर्माण अगले महीने तक पूर्ण कर लिया जाएगा। भारत माता मंदिर और रथयात्रा में सौ प्रतिशत सिविल कार्य हो चुका है। कैंट में 50 प्रतिशत कार्य बाकी है, लेकिन गिरिजाघर स्टेशन के निर्माण को पाइलिंग कार्य ने गति पकड़ी है। प्रोजेक्ट में 148 मोनोकेबल डेटाचेबल गोंडोला (केबल कार) का प्रयोग किया जाना है। एक गोंडोला में 10 लोग सफर करेंगे। स्विट्जरलैंड से करीब 60 गोंडोला आ चुके हैं। गोदौलिया में जमीन से नौ मीटर ऊपर स्टेशन बनाया जाएगा। नीचे से लोगों की आवाजाही हो सकेगी। प्रोजेक्ट के लिए 807 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे, इसमें करीब 200 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। विश्व समुद्र कंपनी हैदराबाद को दो सेक्शन में कुल 28 टावर लगाने है, इनमें आठ टावर लग चुके हैं। नेशनल हाइवे लाजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड की प्रबंधक पूजा मिश्रा ने बताया कि गोदौलिया में नए स्थान पर स्टेशन बनाने के लिए जमीन की कोई समस्या नहीं आएगी है, इसकी स्वीकृति के लिए प्रशासन को पत्र लिखा गया है।

## अमर उजाला—दि0 04.10.2024

### रोपवे के निर्माण में समस्या पर जताई नाराजगी

**वाराणसी।** रोपवे के निर्माण को लेकर वीडीए परिसर में निगरानी की जा रही है। बृहस्पतिवार को बैठक में वीडीए के अधीक्षण अभियंता अजय पवार ने जलकल और जल निगम के अधिकारियों पर नाराजगी जताई। कहा कि लाइन शिफ्ट नहीं करेंगे तो काम कैसे शुरू होगा। काम को एक माह पहले खत्म करना था। अब तक काम नहीं होने से निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक निर्माणाधीन पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के रूप में रोपवे की पायलट परियोजना चल रही है। रोपवे स्टेशन और टावर्स का निर्माण कार्य एनएचएलएमएल करा रही है। बिजली विभाग, जलकल, जलनिगम, बीसएनल, गेल के अधिकारियों की मौजूदगी में तय हुआ कि संबंधित विभाग अपना कार्य जल्द कराएं। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान—दि0 04.10.2024

# पत्थर गली में ढहा जर्जर भवन का हिस्सा, कोई हताहत नहीं

**10** बजे सुबह हादसा, दहल गए आसपास के लोग

**03** लोग मकान के दूसरे हिस्से में रह रहे थे

**02** सरे हिस्से में रहने वाले लोग बाल-बाल बचे



पत्थर गली में गुरुवार की भोर में हुई तेज बारिश के बाद ढहा मकान का हिस्सा। संयोग रहा कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ।

**वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता।** भोर में हुई तेज बारिश के बाद गुरुवार सुबह दस बजे पक्का महाल की पत्थर गली में एक तीन मंजिला (जी प्लस 2) जर्जर भवन का बड़ा हिस्सा ढह गया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन राजमंदिर जाने वाली गली का रास्ता बंद हो गया। इससे लोगों को गणेश गली से होकर जाना पड़ा।

तेज आवाज के साथ जब मकान का हिस्सा गिरा तो आसपास के लोग दहल गए। मकान के दूसरे हिस्से में रहने वाले पूनम, शिवांश और सीता देवी पीछे के रास्ते से बाहर निकले। उनके साथ एक कुत्ता भी था। मलबा गिरने से भवन के सामने मुख्य रास्ता भी ब्लॉक हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने मुआयना किया और स्थानीय लोगों को भवन के आसपास न जाने की हिदायत दी। नगर निगम और पुलिस ने भी भवन स्वामी से जानकारी ली।

स्थानीय लोगों ने नगर निगम की टीम से पास के एक अन्य जर्जर मकान को भी गिराने को कहा, लेकिन निगम की टीम ने इसके लिए अलग प्रक्रिया होने की जानकारी दी। नगर निगम ने भवन स्वामी को पहले भी कई बार नोटिस जारी की है लेकिन किराएदारी के विवाद के कारण यह मकान खाली नहीं कराया जा सका। उधर देर रात तक नगर निगम ने मलबा हटाने की प्रक्रिया शुरू नहीं की है। मौके पर पार्षद कनकलता मिश्रा भी पहुंचीं और नगर निगम की टीम से मलबा हटाने को लेकर बातचीत की।

**पिपलानी कटरा में धंसी सड़क:** तेज बारिश के बाद कबीरचौरा से पिपलानी कटरा मार्ग पर गुरुवार सुबह सड़क धंस गई। जिससे वाहनों का आवागमन प्रभावित हुआ। पिपलानी कटरा क्षेत्र में इस साल पांचवीं बार सड़क धंसी है। उधर मंडलीय अस्पताल के पास नई बस्ती क्षेत्र में प्राचीन कुआं भी धंस गया। इस जगह से बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही है, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ है।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 04.10.2024

### गिरजाघर पर आ रही समस्या को लेकर जलकल विभाग पर जतायी नाराजगी

**रोप-वे को लेकर किया समीक्षा बैठक**

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर प्राधिकरण सभागार में रोप-वे निर्माण की परियोजना प्रगति की समीक्षा की गयी। वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक निर्माणाधीन पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के रूप में रोप-वे की पायलट परियोजना अंतर्गत कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक रोप-वे स्टेशन एवं टावर्स के निर्माण कार्य एनएचएलएमएल द्वारा कराये जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की गयी। समीक्षा में विद्युत विभाग, जलकल, जल निगम, बीसएनल, गेल के अधिकारीगण उपस्थिति रहे। बैठक के दौरान वीडीए अधिक्षण अभियंता अजय पवार ने बृहस्पतिवार को गिरजा घर पर आ रही समस्या जलकल व जलनिगम पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्याओं का सामाधान जल्द से जल्द करने के लिए निर्देशित किया।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 04.10.2024

### रोप-वे निर्माण में लापरवाही पर जलनिगम को फटकार

वाराणसी। वीडीए ने उपाध्यक्ष के निर्देश पर प्रधानमंत्री के पायलट परियोजना रोप-वे निर्माण की समस्याओं और प्रगति की समीक्षा की। वीडीए सभागार में कैण्ट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक निमार्णाधीन पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के रूप में एन०एच०एल०एम०एल० द्वारा कराये जा रहे रोप-वे स्टेशन एवं टावर्स के निर्माण कार्यो के प्रगति और शिथिलता की समीक्षा की गयी। इस दौरान वीडीए के अधीक्षण अभियन्ता अजय पवार ने रोप-वे के कार्य में देर होने और गिरजाघर पर हो रही समस्या को दूर करने में लापरवाही बरते जाने पर जहां नाराजगी जाहिर की,वहीं जलकल और जलनिगम को फटकार लगाई। उन्होंने इस परियोजना के बाधाओं क यथाशिघ्र दूर करने और समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किये जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर विधुत विभाग, जलकल, जलनिगम, बीसएनल,गेल के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


तरूणमित्र न्यूज–दि0 04.10.2024

## वीडीए में रोपवे निर्माण परियोजना के प्रगति की हुई समीक्षा



**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश में प्राधिकरण सभागार में गुरुवार को रोपवे निर्माण परियोजना के प्रगति की समीक्षा की। वाराणसी कैण्ट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक निर्माणाधीन पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के रूप में रोप.वे की पायलट परियोजना अन्तर्गत कैण्ट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक रोप.वे स्टेशन एवं टावर्स के निर्माण कार्य एनएचएलएमएल द्वारा कराये जा रहे कार्यो के गहन समीक्षा की गयी। समीक्षा में विद्युत विभाग, जलकल, जलनिगम, बीसएनल, गेल के अधिकारीगण उपस्थिति रहे। बैठक के दौरान वीडीए अधीक्षण अभियन्ता अजय पवार ने गिरजाघर पर आ रही समस्या के बाबत जलकल व जलनिगम पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए समस्याओं का सामाधाान जल्द से जल्द करने के लिए निर्देशित किया। बैठक के दौरान लाला सतीश सुमन व समस्त विभाग अधिकारीगण उपस्थित रहे।